क्रमांक / Serial No. 010050

6

Post code

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH
सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा 2021

# पेपर 1 : भाषा ज्ञान तथा सार लेखन

समय/Time – 2.00 Hours

अंक/ Marks – 100

उम्मीदवार द्वारा नीली / काली स्याही के पेन से भरा जाना है बॉल प्वाइंट / To be filled in by the candidate with blue/black ink ball point pen

उम्मीदवार का विवरण /PARTICULARS OF THE CANDIDATE (Write in Block Letters)

रोल नं. (अंकों में ) / Roll Number (In figures)__________

रोल नं. (शब्दों में) / Roll Number (In words)__________

उम्मीदवार का नाम / Name of the candidate__________

उम्मीदवार के हस्ताक्षर /Signature of the candidate__________

मूल्यांकन तालिका (केवल कार्यालय उपयोग के लिए)/EVALUATION TABLE (ONLY FOR OFFICE USE)

| प्र सं / Q.No. | प्राप्तांक / MARKS OBTAINED |
|---|---|
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| Total/ कुल | |

उम्मीदवारों हेतु अनुदेश /INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES

1. यह प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका उन उम्मीदवारों के लिए है जिन्होंने हिंदी माध्यम का चयन किया है और इसमें सार लेखन के लिए और रफ काम हेतु सहित कुल 14 पृष्ठ हैं। प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए प्रत्येक प्रश्न के साथ ही रिक्त स्थान दिया गया है और उसका उत्तर उसी निश्चित स्थान पर लिखना है। **कोई अतिरिक्त पृष्ठ उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।** आपको प्रत्येक प्रश्न के सामने दिए गए स्थान को छोड़कर किसी भी स्थान पर नहीं लिखना चाहिए।
2. उत्तर लिखने के लिए नीली या काली स्याही वाले बाल पॉइंट पेन का ही उपयोग करें।
3. इससे पहले कि आप अपना विवरण भरना शुरू करें, कृपया सुनिश्चित कर लें कि पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या सही है और पृष्ठ कटे-फटे नहीं हैं । अगर ऐसा है, तो आप कोई भी उत्तर लिखने से पहले पुस्तिका बदलने के लिए अन्वीक्षक से अनुरोध करें ।
4. अपना रोल नंबर अंकों में और शब्दों में एवं अन्य आवश्यक विवरण को दिए गए उपयुक्त स्थान पर सही और स्पष्ट रूप से लिखें।
5. रफ़ कार्य के लिए पृष्ठ, प्रश्न–उत्तर पुस्तिका में ही दिये गए हैं । रफ कार्य केवल इसके लिए दिए गए पृष्ठों पर ही किया जाना चाहिए । प्रश्न-पुस्तिका में किसी भी अन्य स्थान में कुछ भी नहीं लिखना है।
6. मोबाइल या किसी भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
7. परीक्षा पूर्ण होने पर परीक्षा हॉल छोड़ने से पहले, इस प्रश्न रउत्त-पुस्तिका को अन्वीक्षक को सौंप दें।
8. यदि आप नकल या अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पाए जाते हैं तो इसे कदाचार माना जाएगा तथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी ।

SEAL

अन्वीक्षक के हस्ताक्षर /Signature of the Invigilator__________

FOR ROUGH WORK

प्रश्न 1 . निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

विद्वानों का यह कथन बहुत ठीक है कि विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं। इस बात को सब लोग मानते हैं कि आत्मसंस्कार के लिए थोड़ी-बहुत मानसिक स्वतंत्रता परमावश्यक है, चाहे उस स्वतंत्रता में अभिमान और नम्रता दोनों का मेल हो और चाहे वह संबंधों से ही उत्पन्न हो। यह बात तो निश्चित है कि जो मनुष्य मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहता है, उसके लिए वह गुण अनिवार्य है, जिससे आत्मनिर्भरता आती है और जिससे अपने पैरों के बल खड़ा होना आता है।

युवा को यह सदा स्मरण रखना चाहिए कि वह बहुत कम बातें जानता है, अपने ही आदर्श से वह बहुत नीचे है और उसकी आकांक्षाएँ, उसकी योग्यता से कहीं बढ़कर हैं। उसे इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह अपने बड़ों का सम्मान करे, छोटों और बराबर वालों से कोमलता का व्यवहार करे, ये बातें आत्ममर्यादा के लिए आवश्यक होती हैं। यह सारा संसार, जो कुछ हम हैं और जो कुछ हमारा है, जैसे कि हमारा शरीर, हमारी आत्मा, हमारे भोग, हमारे घर और बाहर की दशा, हमारे बहुत से अवगुण और थोड़े गुण सब इसी बात की आवश्यकता प्रकट करते है कि हमें अपनी आत्मा को नम्र रखना चाहिए।

नम्रता से मेरा अभिप्राय दब्बूपन से नहीं है, जिसके कारण मनुष्य दूसरों का मुँह ताकता है, जिससे उसका संकल्प क्षीण और उसकी प्रज्ञा मंद हो जाती है, जिसके कारण वह आगे बढ़ने के समय भी पीछे रहता है और अवसर पड़ने पर झट-पट किसी बात का निर्णय नहीं कर सकता। मनुष्य का बेड़ा उसके अपने ही हाथ में है, उसे वह चाहे जिधर ले जाए। सच्ची आत्मा वही है, जो प्रत्येक दशा में, प्रत्येक स्थिति के बीच अपनी राह आप निकालती है।

(15 अंक)

**उपर्युक्त अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

1. विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं। इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

उत्तर:

2. मर्यादापूर्वक जीने के लिए किन गुणों का होना अनिवार्य है और क्यों?

उत्तर

3. आत्ममर्यादा के लिए कौन सी बातें आवश्यक हैं? इससे व्यक्ति को क्या लाभ होता है?

उत्तर

4. दब्बूपन व्यक्ति के विकास में किस प्रकार बाधक होता है? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर

5. सच्ची आत्मा क्या करती है?

उत्तर

6. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

उत्तर

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के दो दो विलोम शब्द लिखिए:-

(10 अंक)

(i) मृत (i)__________ (ii)__________

(ii) वीर (i)__________ (ii)__________

(iii) रात्रि (i)__________ (ii)__________

(iv) लाभ (i)__________ (ii)__________

(v) रिक्त (i)__________ (ii)__________

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:-

(10 अंक)

(i) **आरोप** (i)__________ (ii)__________

(ii) **उचित** (i)__________ (ii)__________

(iii) **उपवन** (i)__________ (ii)__________

(iv) **कनक** (i)__________ (ii)__________

(v) **कपड़ा** (i)__________ (ii)__________

प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :-

(10 अंक)

(1) समय किसी के लिए नहीं रुकता

(2) वन और पर्यावरण का सम्बन्ध

(3) ग्लोबल वार्मिंग

विषय________________________________

प्रश्न 5. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों का हिंदी अनुवाद लिखिए :- (5 अंक)

(i) Paradox ____________________

(ii) Oversight ____________________

(iii) Promotion ____________________

(iv) Questionable ____________________

(v) Reimbursement ____________________

प्रश्न 6. नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:- (5 अंक)

(i) जो बात साफ–साफ करे ____________________

(ii) जो आसानी से मिल जाय ____________________

(iii) कम बोलनेवाला ____________________

(iv) जो सबको समान रूप से देखे ____________________

(v) किसी कलाकार की कलापूर्ण रचना ____________________

प्रश्न 7 निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए:- (5 अंक)

(i) गीतांजली ____________________

(ii) चारागाह ____________________

(iii) तत्कालिक ____________________

(iv) भाषाऐं ____________________

(v) योगीराज ____________________

प्रश्न 8 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए :-

(5 अंक)

(i) ऊँट के मुंह में ज़ीरा होना:______________________________

(ii) एक पंथ दो काज:______________________________

(iii) एक और एक ग्यारह होते हैं:______________________________

(iv) एक म्यान में दो तलवारें नहीं समा सकती:______________________________

(v) एक ही थैली के चट्टे-बट्टे:______________________________

प्रश्न 9. निम्न लिखित अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक देते हुए लगभग एक तिहाई शब्दों में सार लिखिए:-

जन्मभूमि किसे प्यारी नहीं लगती। कहा तो यहाँ तक कहा गया है कि जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। मनुष्य जहाँ जन्म लेता है, वहाँ की धूल में खेलकर बड़ा होता है वहाँ के सभी लोग उसके जाने-पहचाने हो जाते हैं। सभी की भाषा और रहन-सहन समान होने के कारण वहाँ के लोगों से उसकी ममता का होना स्वाभाविक है। मनुष्य चाहे कितने भी अच्छे स्थान पर रहता हो लेकिन उसका मन अपनी जन्म-भूमि की ओर आने को उत्सुक रहता है। जिस देश में हमने जन्म लिया है उसके अन्न, जल और वायु से हमारा पालन हुआ है, उसके प्रति प्रेम की भावना रखना हमारा कर्त्तव्य है। पाकिस्तान ने हमारे देश की भूमि पर अधिकार किया। हमारे वीर जवानों ने जन्मभूमि की रक्षा में कारगिल के युद्ध में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। अपनी भूमि वापस ली और दुश्मन के दाँत खट्टे किए। देश की अवनति में हमारी अवनति होगी, उससे न तो हम संपन्न रह सकते हैं और न हमारा मान हो सकता है। देश के प्रति प्रेम की भावना प्रत्येक देशवासी को रखनी चाहिए।

प्रत्येक मनुष्य का देश के प्रति प्रेम स्वाभाविक होता है जिसकी गलियों में खेलकर वह बड़ा होता है। रहन-सहन तथा भाषा के कारण उसके सभी प्रिय होते हैं। जन्मभूमि के प्रति प्रेम में मनुष्य दूर से अपनी मिट्टी को चूमने के लिए लालायित रहता है। सैनिक अपनी जान अपनी देश की सीमाओं की रक्षा में न्यौछावर केवल देश प्रेम के लिए करते हैं। देश की तरक्की में हमारी संपन्नता और मान हो सकता है अथवा नहीं। देश प्रेम की भावना हर हृदय में होनी चाहिए। [261 शब्द]

(25 अंक)

शीर्षक : ______________________________

प्रत्येक खाने में एक शब्द लिखें.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | 5 |
| | | | | | 10 |
| | | | | | 15 |
| | | | | | 20 |
| | | | | | 25 |
| | | | | | 30 |
| | | | | | 35 |
| | | | | | 40 |
| | | | | | 45 |
| | | | | | 50 |
| | | | | | 55 |
| | | | | | 60 |
| | | | | | 65 |
| | | | | | 70 |
| | | | | | 75 |
| | | | | | 80 |
| | | | | | 90 |
| | | | | | 95 |
| | | | | | 100 |
| | | | | | 105 |

प्रश्न 10 निम्नलिखित वाक्यों का शुद्ध रूप लिखिए :-

(5 अंक)

(i) प्रत्येक वृक्ष फल नहीं देते हैं।

शुद्ध रूप ____________________

(ii) ध्यानपूर्वक विद्यार्थियों को पढ़ाई करनी चाहिए।

शुद्ध रूप ____________________

(iii) वह बहुत जल्दी वापस लौट आया।

शुद्ध रूप ____________________

(iv) तुम हमेशा बेफ़िजूल की बातें करते हो।

शुद्ध रूप ____________________

(v) आज तुमने नया पोशाक पहना है।

शुद्ध रूप ____________________

प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों का लिंग परिवर्तन कीजिये :-

(5 अंक)

(i) सिंह ______________________

(ii) पहाड़ी ______________________

(iii) अध्यक्ष ______________________

(iv) अभिनेत्री ______________________

(v) पुस्तक ______________________

SEAL